## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.03.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जामनगर में वनतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र का किया उद्घाटन.
- राज्य मंत्रि-परिषद ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण भी- पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मंज़ूर किये 30 करोड़ 56 लाख रुपए
- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा- भगोरिया के साथ ही सभी समाज के प्रमुख उत्सव राजकीय स्तर पर मनाए जाएंगे।

  और
- प्रदेश के समृद्ध अतीत से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के लिए महापुरूषों के नाम पर बनाए जाएंगे द्वार ।

अब समाचार विस्तार से:–

**प्रधानमंत्री वनतारा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जामनगर में स्थित वनतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया. श्री मोदी ने वनतारा में अलग-अलग सुविधाओं का जायजा लिया और वन्यजीव अस्पताल का भी दौरा किया. उन्होंने पशु चिकित्सा सुविधाओं को भी देखा. उन्होंने कहा कि वंतारा में मैंने एक हाथी को देखा जो एसिड अटैक का शिकार था। हाथी का बहुत ही सावधानी से इलाज किया जा रहा था। श्री मोदी ने कहा कि लोग इतने लापरवाह और क्रूर कैसे हो सकते हैं? आइए हम ऐसी गैरजिम्मेदारी को खत्म करें और जानवरों के प्रति दयालुता पर ध्यान दें। वनतारा में जानवरों के लिए एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू और दूसरी कई सुविधाओं हैं. वनतारा में जानवरों के लिए वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा, आंतरिक चिकित्सा सहित कई विभाग हैं.

**मंत्रिमंडल फैसले**

राज्य मंत्रि-परिषद ने केन्द्र प्रवर्तित सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत "पोषण भी- पढ़ाई भी" प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है । नगरीय विकास एवं आवास **मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि** इसका लक्ष्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन एवं परियोजना में एक बाल विकास परियोजना अधिकारी 3 पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना हैं।

उन्होंने बताया कि गेहूं का उपार्जन रूपये 2 हजार 600 प्रति क्विंटल पर किया जायेगा। उपार्जन कार्य 15 मार्च से प्रारंभ हो जायेगा। इसीतरह धान का विक्रय करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 रुपये प्रोत्साहन राशी दी जाएगी । मंत्रि-परिषद ने लंबित लैंड रिकार्ड के डिजिटाइजेशन के लिए स्वीकृति दी गई है।

**सीईसी-सीईओ सम्मेलन**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और बूथ स्तर के अधिकारियों को सभी वैधानिक दायित्वों को पारदर्शिता और लगन से पूरा करने का आह्वान किया है। श्री ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र में आठ सौ से एक हजार दो सौ के बीच मतदाता रखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान में आसानी के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले मतदान केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए।

**अनुसंधान और विकास खर्च**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि देश का अनुसंधान और विकास खर्च पिछले दशक में दोगुना हो गया है। यह वर्ष 2013-14 में साठ हजार करोड़ रुपए से बढ़कर एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये हो गया है। नई दिल्ली में दिशा कार्यक्रम में डॉ. सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की ज्ञान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा और आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करेगा।

**एआई नागरिक सेवा**

प्रदेश में 7 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। इन शहरों में नगरीय सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिये अब एआई तकनीक का भी उपयोग किया जायेगा।गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- एआई को शामिल करने का निर्णय लिया है। परिवहन प्रबंधन के लिए सातों स्मार्ट सिटी में 303 स्थानों पर 2 हजार 301 कैमरे लगाये गये हैं। पिछले 3 वर्षों में इस प्रणाली के माध्यम से करीब 27 लाख से ज्यादा ई-चालान किये गए हैं।

**मुख्यमंत्री जनजातीय महोत्सव**

भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में आज "जनजातीय देवलोक महोत्सव" आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनजातीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगोरिया के साथ ही सभी समाज के प्रमुख उत्सव राजकीय स्तर पर मनाए जाएंगे।

उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए प्रत्येक जनजातीय कलाकार के बैंक खाते में 5 हजार रूपये की सम्मान राशि स्थानांतरित करने की घोषणा की। इसतरह 900 से अधिक जनजातीय कलाकारों के खातों में लगभग 46 लाख रूपये की राशि जमा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पेसा ग्राम सभा को 3000 रूपये प्रति ग्राम सभा के मान से राशि प्रदान की जाएगी

**महापुरुष द्वार**

प्रदेश के समृद्ध अतीत से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने और हमारी संपन्न सांस्कृतिक धरोहर के प्रकटीकरण के लिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज सहित महापुरूषों के नाम पर द्वार बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का गौरवशाली इतिहास रहा है। महापुरूषों के नाम पर द्वार निर्माण की राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेशवासी अपने गौरवशाली अतीत से परिचित होंगे और उन्हें गर्व की की अनुभूति होगी।

**शहडोल अमृत स्टेशन**

अमृत भारत योजना के तहत शहडोल रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। इंजीनियर आदित्य कुमार ने बताया कि अमृत भारत योजना का काम 75 प्रतिशत पूरा हो गया है। अगले कुछ महीनों में शेष काम को पूरा कर लिया जाएगा। स्टेशन का मुख्य भवन, रोड, पार्किंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। प्लेटफार्म की फ्लोरिंग, वेटिंग रूम और मुख्य द्वार का काम किया जाना है। रैंप और लिफ्ट बनाने को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस बीच स्थानीय भाजपा विधायक मनीषा सिंह ने रेलवे स्टेशन का दौरा कर काम में हो रही देरी पर अपनी नाराजगी जताई है।

**समाचार संक्षेप में...**

- जबलपुर कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से कम राजस्व वसूली करने पर 10 तहसीलदारों को शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।
- श्योपुर कलेक्टर ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें तथा गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें
- झाबुआ के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शहीद चंद्रशेखर आजाद, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल द्वारा यूथ रेड क्रॉस अंशदान अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।
- शहडोल जिले में एमपी बोर्ड की परीक्षाएं 58 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से चल रही हैं। अब उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम शुरू होगा।
- सागर में अपने कार्यों के प्रति लापरवाही पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंडा, जैसीनगर, रहली, केसली एवं मालथौन की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया।
- पन्ना जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी के वन प्रशिक्षण विद्यालय में डॉग स्क्वॉड का 10 दिवसीय वार्षिक रिफ्रेशमेंट प्रशिक्षण शिविर चल रहा है।

- जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के त्रैमासिक 'लिखन्दरा' परिसंवाद के पहले दिन आज भारत में वाद्य और देह अलंकरण विषयक परिसंवाद का आयोजन हुआ। और
- उज्जैन में कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा आज से 13 मार्च तक समरस कलाशिविर के अन्तर्गत असम की पारम्परिक मुखौटा शैली में आमन्त्रित कलाकारों द्वारा कालिदास की रचनाओं पर केन्द्रित एवं देश की महान् विभूतियों के मुखौटों का निर्माण किया जायेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जामनगर में वनतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र का किया उद्घाटन.
- राज्य मंत्रि-परिषद ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण भी- पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मंजूर किये 30 करोड़ 56 लाख रुपए
- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा- भगोरिया के साथ ही सभी समाज के प्रमुख उत्सव राजकीय स्तर पर मनाए जाएंगे।

- प्रदेश के समृद्ध अतीत से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के लिए महापुरूषों के नाम पर बनाए जाएंगे द्वार ।